## न्यूज डायरी



### रूसी–अमेरिकी रक्षा प्रमुखों ने मध्य पूर्व संकट पर चर्चा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोयगू ने फोन पर अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क एस्पर के साथ मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा की। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'मध्य पूर्व क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की गई।' बता दें कि 3 जनवरी को बगदाद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास एक अमेरिकी हवाई हमले के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया। हमले में ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कुद्स फोर्स के पूर्व कमांडर ईरानी मेजर जनरल कासिम सुलेमानी की मौत हो गई। ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इराक के पश्चिमी प्रांत अनबर में बुधवार को सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागीं, जहां अमेरिकी सैनिक तैनात थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के मिसाइल हमले में कोई भी अमेरिकी हताहत नहीं हुआ और कहा कि अमेरिका तेहरान के खिलाफ अतिरिक्त प्रतिबंध लगाएगा।

### मैडम तुसाद म्यूजियम ने शाही परिवार से अलग रखे प्रिंस हैरी और मेगन मर्केल के स्टैचू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। शाही विरासत छोड़ने के फैसले के बाद लंदन स्थित मशहूर मैडम तुसाद म्यूजियम ने प्रिंस हैरी और मेगन मर्केल के स्टैचू को रॉयल फैमिली से अलग कर दिया है। बता दें कि ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्य प्रिंस हैरी और मेगन मर्केल ने शाही पद छोड़ने का ऐलान किया था। रॉयल कपल ने कहा था कि वे अब आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने की दिशा में काम करेंगे। रॉयल कपल के इस फैसले का ब्रिटेन की मीडिया में भी विरोध हुआ था। अब दुनियाभर की मशहूर शख्सियतों का पुतला रखने वाले मैडम तुसाद म्यूजियम ने भी हैरी और मर्केल के पुतले को शाही परिवार से अलग रख दिया है। बताया जा रहा है कि म्यूजियम ने शाही दंपती के फैसले से नाराजगी जताते हुए पुतले अलग रखे हैं। इससे पहले दोनों के पुतले महारानी एलिजाबेथ, प्रिंस फिलिप, प्रिंस चार्ल्स, प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन के साथ अलग केबिन में रखे जाते थे।

### नासा के नये अंतरिक्षयात्री भविष्य के अभियानों के लिए हुए चयनित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ह्यूस्टन। अमेरिकी वायुसेना के भारतीय मूल के कर्नल राजा जॉन वुरपुतूर चारी सहित नासा के 11 नये स्नातकों के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस), चंद्रमा और मंगल के लिए भविष्य के महत्वाकांक्षी अभियानों का हिस्सा बनने की संभावना है। नासा के इन 11 नये स्नातकों ने दो साल से अधिक अवधि का मौलिक अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। नासा के अपने 'आर्टेमिस' कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद 2017 में इन सफल अंतरिक्षयात्रियों को 18,000 आवेदकों के बीच से चयनित किया गया था। चारी (41) को 2017 अंतरिक्षयात्री उम्मीदवार वर्ग में शामिल करने के लिए नासा द्वारा चयनित किया गया था। उन्होंने अगस्त 2017 में ड्यूटी के लिए रिपोर्ट किया था और शुरुआती अंतरिक्षयात्री उम्मीदवार प्रशिक्षण पूरा कर वह मिशन के काम पर जाने के योग्य हो गए हैं।

### बकाये के कारण सात देश संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना मताधिकार खो रहे हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि सात देश अपने बकाया का भुगतान करने में इतने पीछे हैं कि वे 193 सदस्यीय महासभा में अपने मतदान का विशेषाधिकार खो रहे हैं। इन देशों में वेनेजुएला और लेबनान शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि तीन अन्य देश– कोमोरोस, साओ टोम एंड प्रिंसीपी और सोमालिया पर भी बकाया है, लेकिन सितंबर तक वे अपना मताधिकार बरकरार रख सकते हैं। महासभा ने अक्टूबर में इस बकाये को तय किया था। उन्होंने कहा कि अपना मताधिकार खो रहे अन्य देशों में मध्य अफ्रीकी गणराज्य, गाम्बिया, लेसोथो, टोंगा और यमन शामिल हैं।

# ईरान ने किया स्वीकार, मानवीय भूल के कारण यूक्रेन का विमान मार गिराया

**विमान हादसा**

## ईरान ने कहा कि मानवीय भूल के कारण मिसाइल की जद में आ गया था विमान

■यूक्रेन विमान हादसे में सवार सभी 176 लोगों की मौत, ज्यादातर नागरिक ईरान और कनाडा के

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। तेहरान से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट में क्रैश हुए यूक्रेन के विमान को मार गिराने की जिम्मेदारी ईरान ने ली है। ईरान सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ईरानी मिसाइलों ने ही विमान को गलती से निशाना बनाया था। ईरान के विदेश मंत्री ने इसकी पुष्टि करते हुए खेद जताया है। इस विमान हादसे में 176 लोगों की मौत हो गई जिनमें ईरान के 82 और कनाडा के 63 नागरिक थे। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देश पहले से ही गलती से विमान को निशाना बनाए जाने की बात कर रहे थे। 8 जनवरी को यह विमान यूक्रेन की राजधानी कीव जा रहा था। इसमें ईरान और कनाडा के अलावा यूक्रेन



के 11, स्वीडन के 10, अफगानिस्तान के चार जबकि जर्मनी और ब्रिटेन के तीन–तीन नागरिक सवार थे।

बता दें कि ईरान की नागरिक उड्डयन विभाग के साथ बैठक के बाद पहले से ही इसकी उम्मीद जताई जा रही थी। अब ईरान प्रशासन ने बयान जारी कर कहा कि यूक्रेन का विमान मानवीय भूल के कारण निशाने पर आ गया। इस हादसे में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन इंटरनैशनल के विमान बोइंग 737–800 टेक ऑफ के कुछ मिनट बाद भी क्रैश हो गया। शुरुआत में विमान हादसे का कारण ईरान ने तकनीकी खामी बताया था।

**ईरान के विदेश मंत्री ने किया ट्वीटः** ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ ने ट्वीट किया, दुखी करनेवाला दिन। आर्मी की शुरुआती जांच में सामने आया है कि अमेरिका के हमले के वक्त मानवीय भूल की वजह से हादसा हुआ। इसपर हम पछतावा और खेद व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिवारों से माफी मांगते हैं।

**लगातार इनकार के बाद ईरान ने कबूला सचः** ईरान ने ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के दावे के बीच शुक्रवार को कहा था कि यूक्रेन का विमान उसकी मिसाइल का शिकार नहीं हुआ है। बता दें कि कमांडर कासिम सुलेमानी के एयर स्ट्राइक में मारे जाने के बाद बदले की कार्रवाई करते हुए ईरान ने इराक में मौजूद अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाने के लिए मिसाइलें दागी थीं। उसी दौरान यूक्रेन का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अब ईरान ने स्वीकार किया है कि यह विमान मानवीय चूक के कारण ईरान की मिसाइल से ही गिरा।

**ब्रिटेन और कनाडा ने पहले ही की थी पुष्टिः** ब्रिटेन और कनाडा के प्रधानमंत्री ने हादसे के बाद बयान जारी कर कहा था कि खुफिया सूचनाएं बताती हैं कि यूक्रेन का विमान ईरान की मिसाइल से गिरा है। दबाव बढ़ने के बाद ईरान ने बोइंग और विमान में सवार देशों के नागरिकों की सरकारों को जांच के लिए आमंत्रित भी किया था।

## वार्ता तभी शुरू होगी जब अमेरिका उनकी मांगों को स्वीकार करेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सियोल। उत्तर कोरिया ने शनिवार को कहा कि परमाणु वार्ता फिर से तभी शुरू होगी जब अमेरिका उनकी मांगों को पूरी तरह से स्वीकार कर लेगा। उत्तर कोरिया ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पत्र मिला था जिसमें नेता किम जोंग उन को जन्मदिन की बधाई दी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति और किम के बीच जून 2018 से तीन बैठकें हो चुकी है लेकिन गत फरवरी में हुई हनोई बैठक के बाद से वार्ता को लेकर काफी हद तक गतिरोध बना हुआ है। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के सलाहकार किम क्ये ग्वान ने कहा कि ट्रंप का बधाई पत्र अमेरिका से उत्तर कोरिया पहुंचा है। सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के अनुसार ग्वान ने एक बयान में कहा, ''जैसा दुनिया ने माना है, यह सच है कि (किम जोंग उन) और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच व्यक्तिगत संबंध खराब नहीं हैं।'' सलाहकार ने कहा, ''हमें अमेरिका द्वारा धोखा दिया जा रहा है, डेढ़ साल से अधिक समय तक हमें बातचीत में व्यस्त रखा गया और हमारे लिए यह समय व्यर्थ हो गया।'' परमाणु वार्ता पर उन्होंने कहा कि वार्ता फिर से तभी शुरू हो सकेगी जब उत्तर कोरिया द्वारा उठाये गये मुद्दों पर वाशिंगटन की ''पूर्ण सहमति'' होगी।



### पाकः क्वेटा की मस्जिद में ब्लास्ट, 13 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में शुक्रवार को एक मस्जिद में किए गए शक्तिशाली बम विस्फोट में एक इमाम और एक पुलिस अधिकारी समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, घटना में कई लोग जख्मी हुए हैं। यह विस्फोट क्वेटा के सैटलाइट टाउन की मस्जिद में हुआ है। इलाके के सभी अस्पतालों में आपात स्थिति घोषित कर दी है। खबर में कहा गया है कि विस्फोट की प्रकृति की पड़ताल की जा रही है। गौरतलब है कि करीब तीन दिन पहले क्वेटा में सुरक्षा बलों की एक गाड़ी के पास हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई थी और एक दर्जन से ज्यादा जख्मी हो गए थे।

# ओमान के सुल्तान का निधन प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मस्कट। आधुनिक अरब क्षेत्र में सबसे लंबे समय तक राज करने वाले नेता ओमान के सुल्तान काबूस का 79 साल की उम्र में निधन हो गया है। राजशाही ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजशाही ने एक बयान जारी कर यह सूचना जारी की। बयान में कहा गया कि शुक्रवार को सुल्तान ने अंतिम सांस ली। पीएम मोदी ने भी सुल्तान के निधन पर दुख जताया।

**राजशाही ने जारी किया बयान** राजशाही की ओर से जारी बयान के अनुसार, ''गहरे दुख के साथ.. राजशाही ने महामहिम सुल्तान काबूस बिन सईद को खो दिया

**आधुनिक अरब में सबसे लंबे समय तक राज करने का रेकॉर्ड सुल्तान काबुस के नाम**

है, जिनका शुक्रवार को निधन हो गया। काबूस ने 1970 में अपने पिता का तख्तापलट किया था और तब से वह राज कर रहे थे। पिछले कुछ समय से सुल्तान बीमार थे और माना जाता था कि वह कैंसर से पीड़ित थे।

**सुल्तान का नहीं है कोई वारिस** उन्होंने अपना कोई घोषित वारिस नहीं छोड़ा है। वह अविवाहित थे और उनकी कोई संतान या भाई नहीं हैं। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी जगह कौन लेगा। ओमानी संविधान के मुताबिक सिंहासन खाली होने के तीन दिन के भीतर ही शाही परिवार को उत्तराधिकारी का ऐलान करना जरूरी होता है।

**पीएम मोदी ने बयान जारी कर जताया दुखः** प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर सुल्तान के निधन पर दुख जताया। पीएम ने कहा, ''महामहिम सुल्तान काबूस बिन सईद अल सईद के निधन के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। वह एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने ओमान को एक आधुनिक और समृद्ध राष्ट्र में बदल दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुल्तान काबूस भारत के सच्चे दोस्त थे और उन्होंने भारत तथा ओमान के बीच साझेदारी को मजबूत बनाने में सशक्त भूमिका निभाई।

### प्रिंस हैरी ने मेगन से मिलने कनाडा जाने की योजना टाली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। प्रिंस हैरी ने इस हफ्ते के अंत में कनाडा जाकर पत्नी मेगन और आठ महीने के अपने बेटे आर्ची से मिलने की योजना कथित तौर पर टाल दी है। शाही भूमिकाओं से पीछे हटने की शाही दंपति की घोषणा के बाद दोनों (प्रिंस और मेगन) की भविष्य की भूमिकाएं निर्धारित करने पर चर्चाएं जारी हैं।

ड्यूक और डचेस ऑफ ससेक्स, हैरी और मेगन के राज परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की भूमिका से खुद को अलग करने और ब्रिटेन तथा उत्तरी अमेरिका के बीच अपना समय व्यतीत करते हुए आर्थिक रूप से अधिक स्वतंत्र भूमिकाएं निभाने की घोषणा के बाद समाधान निकालने के लिए राज परिवार के सहयोगी ब्रिटेन और कनाडा की सरकारों के साथ परामर्श कर रहे हैं। ब्रिटेन की मीडिया ने शाही सूत्रों के हवाले से कहा कि बातचीत "बढ़िया चल" रही है और यह कि हैरी की दादी महारानी एलिजाबेथ द्वितीय, पिता प्रिंस चार्ल्स और भाई प्रिंस विलियम "जल्द से जल्द" रास्ता तलाशने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं।